तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग...



10 फिल्टर प्लांट एनीकट का 10 इंच बढ़ा पानी, तर्रीघाट ...



## खबर संक्षेप

### कल से शुरू होगा ईवीएम कमिशनिंग कार्य

**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग की समय सारणी के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र दुर्ग का आगामी 7 मई को मतदान होगा। इस लोकसभा सीट में बेमेतरा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा व नवागढ़ शामिल है। चुनाव में उपयोग होने वाले मतदान युनिट (बीयू), नियंत्रण युनिट (सीयू) एवं वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग कार्य 30 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर स्थित कक्ष में होगा। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण कमीशनिंग प्रक्रिया सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में किया जाएगा।

### गली में रखी मिट्टी हटाने कहा तो की मारपीट

**दल्लीराजहरा।** कुसुमकसा आमापारा निवासी मन्नुलाल बैस ने दल्लीराजहरा थाने में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्री बैस ने बताया कि वार्ड के ही धन्नू सिन्हा और मिंटू सिन्हा ने गालीगलौज कर मारपीट की है। मन्नूलाल बैस की रिपोर्ट पर दल्लीराजहरा थाने में धन्नू सिन्हा और मिंटू सिन्हा के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया। मन्नू लाल बैस ने बताया कि वह वार्ड क्र 14 कुसुमकसा आमापारा का रहने वाला है। खेती किसानी का काम करता है। मेरे मकान के सामने धन्नू सिन्हा का मकान है। उसने गली में दो ट्रैक्टर मिट्टी रख दी थी, जिससे मुझे मेरे घर आने-जाने में परेशानी हो रही थी। मैंने उन्हें अपनी समस्या बताते हुए मिट्टी हटाने का आग्रह किया। इस पर दोनों ने गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि शोर-शराब सुनकर मेरी पत्नी अंबिका बीच-बचाव करने पहुंची, तब किसी तरह उन्होंने मुझे छोड़ा। मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ की उंगली एवं पीठ व गर्दन में तथा बाएं तरफ से सीने व पसली में काफी दर्द है।

### गोदाम से चोरी

**भिलाई।** गोदाम का ताला तोड़कर चोरी करने का मामल सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि टाटीबंध कालोनी आमानाका रायपुर निवासी शुभम कुमार साव का ग्राम-कपसदा कुम्हारी में विजय मील में निर्माण का काम चल रहा था। इस दौरान हैमर मशीन को एसम्बल करने के लिए मील में रखे थे। 24 अप्रैल की रात मील बंद किया। अगले दिन सुबह सुरेश डहरिया ने फोन कर बताया कि मील का बाउंड्री कुदकर गोदाम का ताला तोड़कर अंदर से हैमर मशीन अज्ञात ने पार कर दिया है। गोदाम से मशीन से ब्लेड 70 पीस, कपलिंग, पुल्ली, हैड ब्लोक, बैरिंग 9 पीस, वेल्डिंबग मशीन, इलेक्ट्रि क बैग, नट बोल्ड दो बाल्टी गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 95 हजार रुपए आंकी गई है।

### बाइक स्लीप होने से मौत

**भिलाई।** बाइक से स्लीप होकर गिरने से युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना ग्राम सेलूद क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम सेलूद निवासी योगेश कुमार वर्मा अपनी बाइक सीजी 07 सीके 5303 में सवार होकर पीछे नागेश्वर वर्मा को बिटाकर नेवई नर्मदा दुग्ध संगहण केन्द्र जाने के लिए निकला था। सेलूद उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास रोड में बाइक स्लीप हो गई। बाइक से गिर जाने से योगेश के सिर पर गंभीर चोट आई। जिसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया।

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया अंतिम प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या विद्यालय और पीजी कॉलेज रूसा भवन में दिया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के निर्वाचन ड्यूटी में लगे पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल क्रमांक 1, 2 और 3 मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों ने अंतिम प्रशिक्षण दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डु लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल वाजपेई, एसडीएम व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दूसरे दिन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा भी प्रशिक्षण केंद्र पहुंच कर प्रशिक्षण ले रहे मतदान दलों से रूबरू हुये और प्रत्येक कक्ष में जाकर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के टिप्स दिए। मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को देखा। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा की मतदान दलों में नियुक्त सभी अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। जिलाधीश ने निर्वाचन कार्य के दौरान यदि कोई उदासीन और अपने कार्य में लापरवाही बरतता हैं या फिर नशे की हालत में रहता हैं ऐसे कर्मचारियों पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के शख्त निर्देश दिए हैं।

### अनुपस्थित मतदान कर्मियों को होगा कारण बताओ नोटिस जारी



#### बताई गई मतदान प्रक्रिया की बारीकियां

मास्टर ट्रेनर सिलोचन साहू, ईश्वर साहू, हिरऊ राम ध्रुव, भीखुराम हिरवानी, हूपेन्द्र साहू, दीपचंद देवांगन, गंगाधर कुलकर्णी, संजय कुमार सेन, बालमुकुंद साहू, राजेश ठाकुर, विकास कुमार, अजय कुमार शर्मा, मुरारी सिंह भुवाल, अर्जुन कश्यप, प्रदीप विशाल, श एलेन गुप्ता, गौरव राजपूत, गजानंद शर्मा द्वारा प्रशिक्षण मे निर्वाचन की बारीकीयों के बारे में बताया। प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। जिले में आगामी 7 मई को सुव्यवस्थित रूप से मतदान कराने के लिये मतदान दलों का गठन किया गया है।

**राहत :** निस्तारी में आ रही समस्या दूर करने की पहल

# तांदुला जलाशय से नहरों में छोड़ा पानी, 80 गांवों को मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला ब्लॉक मुख्यालय सहित जिले में तापमान 42-45 डिग्री तक पहुंच गया है। इसके साथ ही लोगों की समस्याएं भी सामने आ रही है। इस गर्मी में लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या सबसे विकराल रुप लेकर सामने आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में भी तेजी से भू-जल स्तर में गिरावट आ रही है। इसके चलते गांव में लगे ट्यूबवेल जवाब देने लगे है। पीने के पानी की समस्या होने लगी है। ग्रामीण अंचलों में तालाब, नल, हैंडपंप, मोटरपंप भी अब काम नहीं आ रहे हैं। इससे क्षेत्र में निस्तारी की समस्या बढ़ गई थी। साथ ही पालतू जानवरों को गर्मी के दिनों में घास व चारा के लिए बहुत दूर तक जाना पड़ जाता है। वहीं पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकते नजर आ रहे थे। गांव के छोटे तालाब व नहर सूख गए है।

#### नहरों में छोड़ा पानी

बता दें कि तहसील बेरला व उप तहसील भिंभौरी क्षेत्र में आने वाले गांव में तांदुला जलाशय से नहर में पानी छोड़ा गया। इस तांदुला जलाशय में लगभग 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे ब्लॉक बेरला के 75-80 गांवों के तालाब में पानी भर जाएगा। बांध में पानी छोड़ने पर नहर, नाली के जरिये तालाबों में पानी जा रहा है। अब जल्द ही लोगों को निस्तारी की होने वाली समस्या से निजात मिलेगी। जल संसाधन विभाग बेरला एसडीओ सोनी ने बताया कि गर्मी के चलते पानी की समस्या बहुत बढ़ गयी थी। जिसके चलते तांदुला जलाशय से तालाब को भरने के लिए पानी छोड़ा गया। इससे गांव के तालाब में पानी भरने से निस्तारी की समस्या दूर हो जाएगा।

# आईपीएल सट्टा खिला रहा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



थाना परपोडी पुलिस टीम ने आईपीएल सटोरियों पर कार्यवाही करते हुए सटोरिए से नगदी रकम 2,500 रूपये, एक नग मोबाईल बरामद किया है।

दरअसल थाना परपोडी स्टाफ को मुखबिर से सुचना मिला कि नबी खान नामक व्यक्ति अपने घर के सामने वार्ड नं. 14 परपोडी में आईपीलएल मैच में अपने मोबाईल के माध्यम से आनलाईन आईपीलएल सट्टा खिला रहा है। सूचना पर थाना परपोडी स्टाफ मौके पर पहुच कर रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी मोबाईल के माध्यम से आनलाईन आईपीएल सट्टा में रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-जुआ खिलवाते पकड़ा गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 7,8 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। उक्त कार्यवाही में थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओंकार प्रसाद साहू, आरक्षक तुका निषाद, पुरूषोत्तम कुम्भकार एवं अन्य स्टाफ की भुमिका रही।

### सूने घर में चोरी, लाखों के जेवर व नकदी पार

**साजा।** शहर से लगे ग्राम डोंगी तराई में राघवेन्द्र कनौजे के सूने घर से अज्ञात चोरों ने लाखों रूपए व जेवर पार कर दिए। घटना की जानकारी सुबह होने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को घर के लोग बाहर गए हुए थे। उसी दरमियान घर में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी 27 तारीख को सुबह मिली। पुलिस के डॉग स्क्वाड के आने के बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, आसपास के क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाओं से लोगों की चिंता बढ़ गई है।

## योगेश तिवारी ने गृहमंत्री शाह का किया स्वागत



**बेमेतरा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेमेतरा प्रवास के दौरान भाजपा नेता योगेश तिवारी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल व भाजपा नेता योगेश तिवारी ने गृहमंत्री को चांदी से निर्मित हनुमान गदा भेंट किया। इस दौरान भाजपा नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले जो भी गारंटी दी थी, सभी वादा मुख्यमंत्री विष्णुदेव की सरकार ने 100 दिनों के अंदर पूरे किए है। छत्तीसगढ़ प्रदेश मे 11 लोकसभा सीट जितने जा रहे है। जिसकी झलक लोकसभा चुनाव के दो चरणों में हुए मतदान में जनता का मोदी सरकार के प्रति उत्साह को दर्शा दिया है।

## घर में की जा रही थी सामूहिक प्रार्थना, पुलिस ने बंद कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के अटल आवास में लंबे समय से अंदर खाने चल रहे धार्मिक संदिग्ध गतिविधियों को लेकर रविवार को सुबह पुलिस बल के साथ विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी अटल आवास के एक मकान में पहुंचे व एक घर के अंदर सामूहिक प्रार्थना सभा को बंद कराया। मौके पर उपस्थित बालोद पुलिस के अधिकारी धरम भुआर्य ने बताया कि विहिप संगठन के सदस्यों ने इस मामले की जानकारी दी, तब मौके पर पहुंचे तो एक घर के अंदर प्रार्थना कर रहे लोगों को हमने बाहर निकलने को कहा। इसके साथ ही चेतावनी दी कि आगे इस प्रकार से धार्मिक संदिग्ध कार्यक्रम न करें। प्रार्थना करना हो तो अपने धार्मिक स्थलों में जाकर करें, जिससे किसी को भी इस प्रकार का संदेह न रहे।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नगर के अटल आवास, कुंदरू पारा, सिवनी, पाररास सहित अन्य कई स्थानों पर कुछ लोग गैरकानूनी धार्मिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए है, पूर्व में भी ऐसे लोगों को समझा कर छोड़ दिया गया था, कानूनी कार्रवाई नहीं होने से ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ रहा है।

## शहर में कांग्रेसजनों ने किया प्रचार...

**बेमेतरा।** दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में रविवार को कांग्रेसियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जनसपर्क कर समर्थन मांगा। जनसंपर्क में राधिका राजेन्द्र साहू, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, लुकेस वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, जोगेंद्र छाबड़ा, मंगत साहू, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, रानी सेन, जया साहू, धरम वर्मा, रीता पांडे शहर महिला अध्यक्ष, कुमार वर्मा, पप्पू साहेब, नारायण छाबड़ा, लक्ष्मी डेहरे, चमरू वर्मा, गोलू साहू, शिव वर्मा, जयप्रकाश साहू, सहोदरा नवरंगे, हेमिन यादव, भावसींग राज सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



**श्रमिक दिवस को लेकर पिछली बार की तरह नजर नहीं आ रही उत्सुकता**

# अंचल के होटलों व गढ़कलेवा के मेनू चार्ट से बासी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

एक दिन बाद श्रमिक दिवस है। लेकिन, इस बार पिछले साल की तरह कोई हलचल या उत्सुकता नजर नहीं आ रही थी। पिछले वर्ष पूर्ववर्ती सरकार में छत्तीसगढ़ की पहचान बासी ने पूरे विश्व का ध्यान अपने ओर आकृष्ट कराया था और बोरे बासी की पौष्टिकता को लेकर चर्चा थी। लेकिन सरकार बदलते ही बोरे बासी होटलों के मेनू चार्ट से बाहर हो गया है।

वहीं, जिले में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के लिए महिला समूह द्वारा संचालित गढ़कलेवा में भी बासी और बोरे बासी का नाम मिट चुका है। हालांकि, छत्तीसगढ़ में बासी खाने का चलन बरसों पुराना है, और आज भी बड़ी संख्या में लोग अपने घरों में बासी और बोरे बासी खा रहे हैं। गर्मी के दिनों में बासी खाने वालों की संख्या और भी बढ़ जाती है। जिले में संचालित गढ़कलेवा और कैंटीन में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ बोरे बासी भी मिलता था, लोग काफी आनंद से इसका सेवन करने यहां पहुंचते थे। इस बार बोरे बासी भी गढ़कलेवा से विलुप्त हो गया। ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 मई को श्रमिक दिवस के मौके पर मजदूरों के सम्मान में प्रदेश भर में मजदूरों के साथ बोरे बासी का सेवन किया था। इस दिन को एक तरह से त्यौहार के रूप में मनाया गया था। लेकिन अब गढ़कलेवा में बोरे बासी कहीं नजर नहीं आ रहा है। दो दिन बाद ही 1 मई को श्रमिक दिवस मनाया जाएगा, ऐसे में देखना होगा कि आखिर इस बार श्रमिक दिवस किस तरह से मनाया जाएगा।



### पिछले साल 1 मई को हर वर्ग ने बोरे बासी खाकर मनाया था तिहार

पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई 2023 को मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी को तिहार के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया गया था। इस तिहार को राज्य में अलग–अलग अंदाज में मनाया गया था। इस दौरान मंत्री, विधायक से लेकर कलेक्टर–एसपी सहित सारे विभागों के अफसरों से लेकर कर्मचारियों ने इस दिन बोरे बासी खाया था। खाना खाने के साथ इनका फोटो भी सोशल मीडिया में वायरल किया गया था, जिसके कारण इस छत्तीसगढ़ी व्यंजन को अंतराष्ट्रीय स्तर तक पहचान मिली थी। लेकिन, इस बार बासी व बोरे–बासी की पूछ–परख बंद हो गई है।

### गर्मी में बासी खाने के कई फायदे

छत्तीसगढ़िया व्यंजन बासी और बोरे बासी खाने से कई फायदे होते हैं। इसे खाने से खूब प्यास लगती है और ज्यादा पानी पीने से डिहाइड्रेशन जैसी समस्या नहीं होती। इसे खाने के बाद यह शरीर को शीतलता प्रदान करता है एवं शरीर के ताप को नियंत्रित करता है। इसके कारण पड़ने वाली गर्मी और लू का प्रभाव नहीं पड़ता। इसे खाने से नींद भी अच्छी आती है। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बासी का अधिक सेवन गर्मी के दिनों में किया जाता है। खासकर मजदूर वर्ग व किसान सुबह नाश्ता करने के समय इसे खाते हैं जिससे सारा दिन एनर्जी लेवल सही रहता है।

## धान फसल में उकसा रोग का प्रकोप

**डौंडीलोहारा।** किसानों द्वारा लगाई गई गर्मी फसल के धान में उकसा रोग का प्रकोप बहुतायत में देखने को मिल रहा है। किसानों ने बताया कि रोग के निदान के लिए प्रारंभ से ही दवाई का छिड़काव किया गया है, लेकिन यह रोग ऐसा है कि कोई भी दवाई काम नहीं कर रही है। बीमारी का इलाज करने के बाद भी सही जानकारी कंसे निकलने के बाद ही पता चलती है, जब कंसा सूखा निकलता है, जिसे बदरा भी कहते हैं। किसानों का कहना है कि इस बार उकसा रोग के कारण हमें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। कई किसानों की आधे फसल में उकसा लग गया है, जिससे किसानों का लागत निकलना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय कृषि केंद्र संचालक ने बताया कि उकसा रोग के लिए सही समय व सही मात्रा में दवाई का उपचार किया जाए, तो रोग पर काबू पाया जा सकता है।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### प्रियदर्शना साध्वी समुदाय के साथ दुर्ग मंगल प्रवेश



**दुर्ग।** जैन साध्वी प्रियदर्शना श्रीजी प्रियदा अपने साध्वी समुदाय के साथ चातुर्मास के पश्चात छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों का विचरण करते साध्वी विचक्षण साध्वी सुकृति, साध्वी प्रज्ञपति के साथ दुर्ग नगर में प्रवेश हुआ।लगभग दो माह विचरण करते हुए भखारा, सेमरा, जामगांव, रानीतराई, कलम डोंगी, डौंडी लोहारा, बालोद, दल्ली राजहरा, गुंडरदेही क्षेत्र में धर्म की प्रभावना त्याग तपस्या का संकल्प करवाते हुए दुर्ग प्रवेश किया। खंडेलवाल कॉलोनी के लोढ़ा भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए साध्वी ने कहा कि जीवन में जैसे-जैसे आंतरिक इच्छा शक्ति बढ़ेगी वैसे-वैसे संसार से आसक्ति छूटती जाएगी और जीव धर्म की ओर अग्रसर होते जाएगा। धर्म की ओर जाने से जीव के पाप छुटते जाते हैं और कर्म की निर्जरा होती जाती है और आत्मा मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होती है। आगामी 29 जून को साध्वी समुदाय जय आनंद मधुकर रतन भवन में प्रवेश करेंगे जहां आपके सानिध्य में छत्तीसगढ़ स्तरीय धार्मिक संस्कार आवासीय शिविर आयोजित है।

### प्लेसमेंट कैंप 30 को

**दुर्ग।** 30 अप्रैल को आईटीसी ग्रुप द्धारा प्लेसमेंट केम्प का आयोजन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में किया गया है। संस्था में सभी संचालित व्यवसाय के लिए विगत 5 वर्ष के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी (फिमेल) की भर्ती होगी। कैंप में सुबह 10 बजे से प्रशिक्षणार्थी पंजीयन करा सकते हैं।

### दस दिवसीय निशुल्क समर कैंप तीन से

**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग परिसर में (DPS) आर्य पब्लिक स्कूल के द्वारा 3 मई से 13 मई तक दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक विद्यार्थी भाग लेकर ज्ञानार्जन कर सकते हैं तथा कैंप का आनंद उठा सकते हैं। जिसमें वॉटर पूल फन, संस्कृत श्लोक, जुंबा, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग कर्सिव राइटिंग सिखाया जाएगा। कैंप में होने परिजनों को बच्चों के साथ शामिल होने अपील की जा रही है।

### गरीबों के चावल में कटौती अन्यायपूर्ण : अल्का लांबा

**दुर्ग।** विगत दिनों अखिल भारतीय महिला काग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा का काग्रेस भवन आगमन हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में प्रचार में पहुंची अल्का लांबा ने भाजपा पर जमकर निशाला साधा। उन्होने कहा कि, राशन कार्ड में बीजेपी के सरकार द्वारा कटौती करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को 5 किलो चावल देना अन्यायपूर्ण हैं। उन्होने कहा कि, महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, हिन्दु मुस्लिम एक है, आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बन रही है। इस दौरान सुनिया सेरावत, महिला कांग्रेस प्रभारी, महिला कांग्रेस प्रवर्त्त प्रगति बाजपेई, पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गया पटेल, निकिता, आरटी से अध्यक्ष मिलीन जी प्रदेश सचिव व मीडिया प्रभारी दुर्ग डॉ अश्वनी जांगडे जी जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष अमित गायकवाड़, प्रभारी उद्यमी सत्ययति वर्मा विभाग पार्षदगण थे।

# पोस्टल बैलेट से मतदान करने 10296 आवेदन, शुरुआत पुलिस और नगर सेना की वोटिंग से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से वोटिंग की शुरुआत शनिवार से हो गई। पहले दिन पुलिस और नगर सेना के कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डाले। इसके लिए राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन को मतदाता सुविधा केंद्र बनाया गया है। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक यहां वोट डाले गए। रविवार को भी यहां वोटिंग होगी। जिला प्रशासन ने टाउन हॉल को भी मतदाता सुविधा केंद्र बनाया है। इसके बाद पोस्टल बैलेट से टाउनहॉल में वोट डाले जाएंगे। जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि टाउनहॉल में 29, 30, 1, 4 एवं 5 मई को वोट डाले जाएंगे।

## लोस चुनाव के लिए पुलिस लाइन स्थित मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट से वोटिंग शुरू

### 7671 अधिकारी-कर्मचारी, 2100 पुलिस व नगर सेना के मतदाता

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार चुनाव में पोस्टल बैलेट से चुनाव ड्यूटी में लगे 7671 अधिकारी-कर्मचारी वोट डालेंगे। इसके अलावा करीब 21 सौ पुलिस व नगर सेना के कर्मचारी है। इनमें पुलिस व नगर सेना मतदाताओं के लिए पुलिस लाइन में तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के लिए टाउन हॉल मतदाता सुविधा केंद्र में वोट डालने की सुविधा दी गई है। उन्होंने बताया कि जो मतदाता पुलिस लाइन में वोट नहीं कर पाएंगे वे टाउनहॉल सुविधा केंद्र में आकर वोट कर सकते हैं।




### 525 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता करेंगे पोस्टल बैलेट से मतदान

विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी 80 प्लस और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके तहत जिलेभर में 525 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सहमति दी है। इसके तहत पोस्टल बैलेट मतदान दल अब इन मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराना प्रारंभ कर दिया है।

### कलेक्टर ने पोस्टल बैलेट मतदान दलों को किया रवाना

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने सुबह पोस्टल बैलेट मतदान दलों को गुलाब फुल देकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन और टाउन हॉल मतदान केंद्र के लिए भी रवाना किया। यहां पर धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, आरंग, अभनपुर और बलौदाबाजार विधानसभा के पुलिस और नगर सेना के मतदाता मतदान कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने मतदान दलों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, नोडल अधिकारी बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम नंदकुमार चौबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन आवेदन 22 अप्रैल तक था, अब आबंटन चुनाव के बाद

# जिले के 53 अहातों की नीलामी से खजाने में आएंगे नौ करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद शराब दुकानों में अब आहाता की सुविधा मिलेगी। जिले में ऐसे 53 शराब दुकानों के लिए आबकारी विभाग द्वारा आनलाइन टेंडर जारी किए गए है। आनलाइन टेंडर में बकायदा आहाता के बेसरेट निर्धारित किए गए है। जिसके अनुसार इन 53 दुकानों की नीलामी से आबकारी विभाग के खजाने में नौ करोड रूपए से अधिक की राशि जमा होगी। अगर बोली उंची रेट पर लगती है तो राजस्व का खजाना छलक भी जाएगा। उल्लेखनीय हैं कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शराब प्रमियों को दो घूंट गला तर करने चौक-चौराहो व सार्वजनिक स्थानों को ठिहा बनाने मजबूर होना पडता था। लेकिन प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद आहाता के जरिए न सिर्फ राजस्व बढाने की पालिसी तैयार की गई हैं, बल्कि शराब प्रेमियों को आहाता में नियमतः पूरी सुविधा देने की तैयारी की गई है। जानकारी अनुसार जिले में देशी व विदेशी के करीब 53 दुकान संचालित हो रहे है। इसके लिए विभाग द्वारा सभी दुकानों के रोजाना गल्ला के हिसाब से बेसरेट निर्धारित किए गए है। इन सभी दुकानों के लिए निर्धारित बेसरेट के अनुसार अगर टेंडर होता है तो विभाग को नौ करोड 80 लाख 86 हजार का राजस्व साल में होगा।

### खास बातें

- ऑनलाइन निविदा जमा करने की थी
- देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों में खुलेंगे अहाते
- आचार संहिता के कारण वित्तीय वर्ष के महीने कम मिलेंगे

### थोक में आवेदन, आबंटन प्रक्रिया अटकी




### पाटन और जामगांव भट्टी सबसे महंगी

विभाग द्वारा निर्धारित बेसरेट की माने तो देशी मदिरा दुकान पाटन 36 लाख 22 हजार रूपए से बोली शुरू होगी, वही इससे ज्यादा महंगी विदेशी मदिरा जामगांव की बोली 84 लाख 10 हजार से शुरू होगी। इसी तरह जामगांव में ही देशी मंदिरा में आहाता के लिए 28 लाख 37 हजार से बोली लगेगी। वहीं देशी मदिरा उतई 26 लाख 67 हजार और सबसे सस्ती आहता विदेश दुकान नयापारा दुर्ग 7 लाख 79 हजार, विदेश मदिरा दुकान जेवरासिरसा 5 लाख 49 हजार और विदेशी मदिरा दुकान अंडा 6 लाख 34 हजार का हैं। इस तरह जिले में 53 देशी और विदेशी आहातों के लिए बेसरेट निर्धारित की गई है। इससे अधिक की बोली लगाने पर आहाता संबंधित का होगा।

### लगातार बढ़े आबंटन की तिथि

विभागीय जानकारी अनुसार अहाता का आबंटन अब लोकसभा चुनाव के अंतिम व तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद किया जाएगा। इसके लिए 10 मई की तारीख तय की किए जाने की भी जानकारी है। लेकिन अधिकारी का कहना है कि, चुनाव के कारण आबंटन की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि तारीख सिर्फ आबंटन के लिए बढ़ाई गई है। विभाग के अनुसार जबकि आवेदन नही लिए जाएंगे। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर जारी किया है।

### बोली ऊंची, उसे दुकान

आबकारी विभाग द्वारा विगत आठ अप्रैल से 22 अप्रैल तक सिर्फ आनलाइन आवेदन मांगे गए थे। सभी आहाता का बेसरेट निर्धारित है, आनलाइन बोली में इतना या इससे अधिक की राशि आने पर टेंडर उसे दिया जाएगा। हांलाकि आनलाइन पोर्टल नही खुलने के चलते अभी यह जानकारी सामने नही आई है कि, कितने लोगों ने आवेदन जमा किया है। लेकिन आवेदन लगाने की सक्रियता को देखकर अफसर कह रहे है कि, आवेदन अधिक पैमाने पर आए है। टेंडर 25 अप्रैल को खुलना निर्धारित था। लेकिन बीच में लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता ने प्रक्रिया रोक दी। अब चुनाव के बाद ही टेंडर खोलने की प्रक्रिया होगी।

### तिथि समाप्त

जिले में करीब 53 देशी व विदेशी मदिरा दुकान के लिए आहाता खोलने के लिए आनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसकी तिथि समाप्त हो चुकी है, आबंटन के लिए तिथि तय नहीं हुए है।

**-मुकेश अग्रवाल,**
सहायक आबकारी अधिकारी दुर्ग

### सबसे ज्यादा आहाता बिलासपुर, दूसरे में रायपुर

दूसरे नंबर पर रायपुर जहां जिले में अहाता के लिए 56 शराब दुकानों का चयन किया गया है, वही प्रदेश में सबसे ज्यादा बिलासुपर में 64 आहाता खुलेगें। तीसरे में दुर्ग 53 और चौथे में जांजगीर चांपा होगा। इसी तरह बालौदाबाजार में 14, गरियाबंद में चौदह, महासमुंद में अठारह, धमतरी चौबीस, बालौद सोलह, बेमेतरा तेरह, राजनांदगांव सोलह, कबीरधाम बाईस, कोंडागांव पांच, कांकेर आठ, सुकमा चार, गौरेला पेंड्रा मरवाही दो, मुंगेली तेरह, जांजगीर 46, कोरबा 29, रायगढ 26, जशपुर 11, सरगुजा दो, बलरामपुर पांच, सूरजपुर दो, मोहला मानपुर व खैरागढ जिला बारह, सक्ती अठारह, सारंगढ बीस, मनेन्द्रगढ 6 हैं। वही जगदलपुर, नारायणपुर, दंतेवाडा, कोरिया के सामने निरंक लिखा गया हैं।

## फिल्टर प्लांट एनीकट का 10 इंच बढ़ा पानी, तर्रीघाट से भी छोड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुर्रा एनीकेट के गेट खोलने के बाद फिल्टर प्लांट के नजदीक एनीकेट में पानी 10 इंच बढ़ गया है, वहीं गंगरेल से छोड़ने के बाद तर्रीघाट एनीकेट में रुका पानी भी छोड़ दिया गया है, जो देर शाम तक नहर के रास्ते खारुन नदी में पहुंच गया है। खारुन नदी में पानी पहुंचने के बाद भी पानी समस्या अभी खत्म नहीं हुई है, क्योंकि खारुन के पानी को पीने योग्य बनाने में 2 से 4 दिन और समय लग सकता है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आगामी दो दिन में पानी की समस्या सामान्य हो जाएगी। फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंद्र ने बताया कि सिंचाई विभाग ने मरम्मत के नाम पर नहर से पानी भेजना अचानक बंद कर दिया था, जिससे दो दिन पहले खारुन नदी का जलस्तर घटने लगा था। इससे शहर में पानी सप्लाई का खतरा बन गया था। इस पर रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने उच्च स्तर पर चर्चा कर धमतरी के चटोड नहर की शाखा नहर को खुलवाया। उन्होंने खारुन नदी में ही काठाडीह और मुर्रा एनीकेट के गेट खुलवाए थे। मुर्रा एनीकेट में पानी संग्रहण की बड़ी क्षमता है। इस एनीकेट के खुल जाने से फिल्टर प्लांट वाले एनीकेट का जलस्तर सुबह 10 इंच तक बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग से सूचना मिली कि तर्रीघाट के एनीकेट को शनिवार को सुबह 8 बजे खोला गया, जिसका पानी देर शाम तक पहुंचने से खारुन नदी का जल स्तर फिर बढ़ गया है। इस नदी से अब पर्याप्त पानी मिलने लगा है, जिसे एनीकेट में संग्रहण किया जाएगा। इसके बाद शहर में पानी की सप्लाई पहले की तरह होगी।

**दो दिन से ज्यादा समय लगेगा सप्लाई सामान्य होने में :** गंगरेल से पानी खारुन नदी जरूर पहुंच गया है, लेकिन एनीकेट में संग्रहण करने में अभी एक-दो दिन का और समय लगेगा। इस तरह शहर में पानी की समस्या अभी बनी रहेगी, क्योंकि पहले खारुन से पानी ऐनीकेट में संग्रहण किया जाएगा। इसके बाद ऐनीकेट से फिल्टर प्लांट में पानी को शुद्ध किया जाएगा। इसमें दो दिन से ज्यादा समय लग सकता है। इस तरह पानी की सप्लाई भी सामान्य होने में दो से तीन दिन या फिर उससे ज्यादा भी लग सकता है।

## कोविड के बाद की चुनौतियों का सामना करेगा एम्स का बीएसएल-3 लैब

**रायपुर।** कोविड के बाद पैदा होने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए एम्स अपने आरडी लैब को बीएसएल-3 में अपग्रेड कर रहा है। नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग की मदद से अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट, बायोटेक्नोलॉजिस्ट और मॉलीक्यूलर बायोलॉजिस्ट को नई चुनौतियों से निपटने तैयार करने के लिए एम्स में 'नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई थी। शनिवार को समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि अपग्रेड की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वीआरडी लैब अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं से लैस हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अन्य लैब के चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनुदिता भार्गव ने बताया कि नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग की मदद से संक्रमण फैलाने वाले माइक्रोआर्गनिज्म के संपूर्ण जिनोम की पहचान करने में चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को काफी मदद मिलती है। एनजीएस एक महंगी और विशेषज्ञता वाली तकनीक है, जिसकी वजह से यह अभी कुछ ही स्थानों पर उपलब्ध है। पांच दिवसीय कार्यशाला में चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को प्रमुख रूप से न्यूक्लियर एसिड एक्सट्रेक्शन, टार्गेट इनरिचमेंट, फ्लो सेल्स की लोडिंग और विभिन्न सॉफ्टवेयर की मदद से डेटा का विश्लेषण करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें देशभर में स्थित विभिन्न एम्स और अन्य चिकित्सा संस्थानों के 24 चिकित्सकों और वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

## रिजल्ट के पहले बोर्ड ने जारी किए टोलफ्री नंबर

**दुर्ग।** आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

# अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र स्थापित, कॉलेज में करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग जिले के मतदाता जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में मतदान दल, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मियों, एसएसटी, एसएफटी तथा वाहन चालक, क्लीनर के रूप में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु विधानसभावार बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुविधा केन्द्र बनाया गया है। सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन कराए जाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक सामग्री, दस्तावेज कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापसी हेतु प्रभारी नियुक्त किया गया है।

- पुलिस बल के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में

मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक और 4 से 5 मई को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है।

### विधानसभावार सुविधा केंद्रों की होगी सुविधा

**पाटन क्षेत्र :** विधानसभा क्षेत्र पाटन 62 के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 22, दुर्ग ग्रामीण 63 के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 05, दुर्ग शहर 64 के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 06 एवं 07 के लिए प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार धमधा धर्मेश श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पवन ठाकुर को नियुक्त किया गया है।

**साजा विधानसभा :** साजा 68 आंशिक के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 13 और बेमेतरा 69 आंशिक के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 12 तथा अन्य जिले के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 10 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। जिसके लिए तहसीलदार धमधा पंचराम सलामे एवं अतिरिक्त तहसीलदार गुरूदत्त पंचभागे को प्रभारी नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारी मतदान हेतु आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सुविधा केन्द्र स्थल में मतदान दल को उपलब्ध कराएंगे तथा मतदान पश्चात डाकमतों को सील बंद करके स्ट्रांग रूम कोषालय में जमा कराएंगे।

**भिलाई नगर :** भिलाई नगर 65 के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 08, वैशाली नगर 66 के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 01, अहिवारा 67 के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 05 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए नायब तहसीलदार दुर्ग सुश्री ज्योत्सना कलिहारी एवं दाल सिंह बिसेन को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**पुलिस बल के लिए :** समस्त विधानसभा पुलिस बल के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग को सुविधा केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए नायब तहसीलदार अहिवारा कुंदनलाल शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया है। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 1 मई तक और 4 से 5 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर लोगों को किया जागरूक

# मलेरिया से बचने दी गई जानकारी, मिलेगी निःशुल्क दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी जिलाधीश के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेपी मेश्राम के निर्देशानुसार जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के मार्गदर्शन में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में जिला दुर्ग को मलेरिया मुक्त जिला करने हेतु जानकारी दिया गया है।

- 1 व 2 जून को परिचय सम्मेलन का आयोजन

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे ने बताया कि, हमें नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सहयोग की अति आवश्यकता होगी, इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जहाँ भी पानी इकदता होता है वहाँ जला हुआ तेल, लार्वा नाशक दवाई या लार्वाभक्षी गमबूजिया मछली डालनी होगी। जससे लार्वा का नाश्ट हो सके। लार्वा ही नहीं पनपेगा तो मच्छर भी नहीं पनपेगा। मच्छर नहीं तो मलेरिया भी नहीं। अपने-अपने घरों के आस पास साफ-सफाई का विशेश ध्यान देने की आवश्यकता होगी। घर के कूड़ा-करकट को स्वच्छता मित्रों की वाहन रिक्शा में ही देनी होगी, जो की नगर निगम के स्वच्छता मित्रों के द्वारा इकट्ठा करके दूर बनी ट्रेंचिंग ग्राऊंड में ले जाकर डिस्पोज किया जाता है। उक्त कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. जे.पी. मेश्राम, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकर, महेन्द्र कौशिक, समरेश पटेरिया, प्रमेश पाल, विवेक कापरे, लक्की दुबे, हरिशचन्द्र शिवारे, जी मोहन राव. विश्णु मुआर्य, आर. के बरगटे, आर. के. वर्मा, गिरीश बंजारे, नवीन सोनी, उमेश कपुर. आर के मस्कोले, कमल नारायण तिवारी वदना वर्मा नितिन भूप्लारी, बीआर सौनी, नोहर साहू, विश्णु पाण्डे, एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




### अस्पताल में मिलेगी निशुल्क दवाएं

कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, शासकीय प्राथमिक, सामुदायिक, जिला अस्पताल में निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधाएं उपलब्ध है। सकारात्मक मरीजों को मूल उपचार हेतु विशेष प्रकार की दवाई सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

### मलेरियो से बचने ऐसे बरते सावधानियां

सभी आम जनता को मच्छर से बचने एवं मलेरिया से मुक्ति पाने के लिये सभी सदस्यों को उपयोग, पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनना, घरों में मच्छरदानी का उपयोग करने के बारे में बताया गया व स्त्रोत नियंत्रण कार्य में टकी, कूलर खाली करना साफ-सफाई आदि के बारे में बताया गया। इस कार्य को जन सामान्य तक पहुँचाने के लिये नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से रेडियो प्रसार, ट्रैफिक सिग्नलों, समाधार पत्रों, मोबाईलों में वाट्स एप के माध्यम से जन समुदाय को जागरूक करने को कहा गया। दरवाजे एवं खिड़कियों में मच्छर रोधी जाली लगाने की हिदायते प्रचार-प्रसार के माध्यम से देने की आवश्यकता होगी।

# न्यायालय के मुहर का दुरुपयोग, गिरफ्तार

**भिलाई।** फर्जी तरीके से ऋण पुस्तिका के पन्ने में कूट रचनाकर न्यायालय के मुहर का दुरपयोग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि अजय कुमार साहू द्वारा आरोपियां शंकर नगर दुर्ग निवासी अल्का उके ने बुशरा कौशल के खिलाफ ज्ञानेन्द्र कुमार में अभियुक्त की ओर से जमानत के लिए ऋण पुस्तिका को न्यायिक मजिस्ट्रेट पायल टोपनो के न्यायालय में पेश किया था। आरोपी अल्का उके ने न्यायालय में अन्य प्रकरण 8515/2015 प्रगाति महिला के खिलाफ गुप्ते ताण्डी में इसी किताब में जमानत लिया था। उक्त किसान किताब में पूर्व जमानत का कोई उल्लेख नही है। किसान किताब में तहसीदार दुर्ग से जमानतदार को कोई डुप्लीकेट, नवीन किसान किताब जारी किए जाने का भी उल्लेख नहीं था। महिला आरोपी द्वारा किसान किताब में पूर्व प्रकरण का मजिस्ट्रेट की सील मुद्रा हस्ताक्षरित मूल्यवान प्रतिभूति पन्ने को नष्ट करने की न्यायालय की लिखित प्रतिवेदन पर कोतवाली दुर्ग में जुर्म दर्ज किया। विवेचना दौरान आरोपी अल्का 27 अप्रैल को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि जमानत लेने के लिए किसान किताब में इंद्राज मजिस्ट्रेट की सील मुद्रा हस्ताक्षरित मूल्यवान प्रतिभूति पन्ने को नष्ट किया।

## खबर संक्षेप



### व्यापारी संघ ने फुटपाथ बाजार हटाने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** मालवीय रोड व्यापारी संघ ने नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने मालवीय रोड पर ट्रैफिक समस्या की वजह फुटपाथ बाजार को बताया है। व्यापारियों का कहना है कि मालवीय रोड पर फुटपाथ की दुकानों के कारण जगह-जगह हाथ ठेले व ई-रिक्शा खड़े रहते हैं। इसके कारण ट्रैफिक जाम की समस्या बनती है। उन्होंने ज्ञापन के जरिए फुटपाथ बाजार को बैन करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में संघ के तरल मोदी और राजेश वासवानी, राकेश अग्रवाल, राजेश विधानी, भरत प्रधनानी, सुरेश जादवानी सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव सिंह ने शनिवार को रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला भाटागांव, शासकीय प्राथमिक शाला चांगोराभाठा, पंडित सुंदरलाल शर्मा उत्तर माध्यमिक शाला लाखे नगर, डा. अनिरुद्ध सिंह प्राथमिक शाला कुशालपुर, पटेल विद्या मंदिर महाराजगंज तालाब, शासकीय राधा भाई नवीन कन्या महाविद्यालय मठपारा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला संतोषी नगर आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां बुनियादी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 5 से अधिक बूथ वाले मतदान केंद्रों में आवाजाही, लाइट, पंखा, पेयजल, टॉयलेट इत्यादि चीजों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्रों में मतदाताओं को कतार में खड़े रहने के बजाए बैठने के लिए बैंच रखने तथा सुरक्षा के इंतजाम व्यवस्था पुख्ता करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एसडीएम नंदकुमार चौबे समेत कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता की हत्या के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

**रायपुर।** दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों द्वारा की गई कांग्रेस नेता जोगा पोडियम की हत्या के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा, नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोडियम की हत्या के लिए भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। वे लगातार नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे थे। नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार पर वे लोकतंत्र को बचाने आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे।
उन्होंने कहा, कई बार भाजपा नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर कहा है कि नक्सली दूसरे दल के नेताओं की हत्या क्यों नहीं करते? अब नक्सलियों ने कांग्रेस नेता जोगा पोडियम की निर्मम हत्या कर दी। हत्याकांड के पीछे गंभीर साजिश और षड्यंत्र नजर आ रहा है। भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में नक्सली वारदात बढ़ी हैं। भाजपा सरकार आंख मूंद कर बैठी हुई है। जोगा पोडियम की हत्या के पीछे जो षड्यंत्रकारी हैं, उन्हें पकड़ने जांच की जाए।

## निधन

### दुलारी बाई चौबे



**साजा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक जिला सहकारी बैंक ठेलका के शाखा प्रबंधक संजय चौबे की माता दुलारी चौबे का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्रीमती चौबे का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम साजा में किया गया। अंतिम संस्कार में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे एवं पूर्व विधायक प्रदीप चौबे सहित बड़ी संख्या में परिजन तथा साजा नगर व आस पास के नागरिक शामिल हुए।

# प्रदेश में बिजली का नया टैरिफ इस बार जून से हो पाएगा लागू

## जनसुनवाई हो चुकी है, लेखा-जोखा देखने का चल रहा है नियामक आयोग में काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिजली का नया टैरिफ इस बार तय समय एक अप्रैल से लागू नहीं हो पाया है। लोकसभा चुनाव के कारण नया टैरिफ इस बार चुनाव के नतीजे आने के बाद जून में ही जारी होगा। इसके पहले भी एक बार 2014 में लोकसभा चुनाव के कारण जून और एक बार 2021 में अगस्त में नया टैरिफ जारी हुआ था। नए टैरिफ के लिए मार्च में जनसुनवाई हो चुकी है। अब नए टैरिफ की सारी प्रक्रिया को पूरा करने का काम नियामक आयोग में चल रहा है। इसमें भी समय लगेगा। वैसे प्रदेश के करीब 50 लाख घरेलू उपभोक्ताओं के लिए तो यह बड़ी राहत की बात है कि उनको नए सत्र में महंगी बिजली का झटका नहीं लगेगा, लेकिन बाकी वर्ग को महंगी बिजली का करंट जरूर लगना तय है।

पॉवर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग को जो लेखा-जोखा भेजा है, उसमें उसको नए सत्र में 36 सौ करोड़ का फायदा तो हो रहा है, लेकिन पुराना घाटा 7775 करोड़ का होने के कारण कंपनी ने आयोग को घरेलू उपभोक्ताओं को छोड़कर बाकी वर्ग में घाटे की पूर्ति के लिए टैरिफ बढ़ाने की मांग रखी है। ऐसे में तय है कि बाकी वर्ग के लिए नए सत्र में बिजली महंगी हो जाएगी। अब नियामक आयोग अंतर की जो राशि मंजूर करेगा, उसके हिसाब से ही टैरिफ में बदलाव होगा।

### कमाई से ज्यादा घाटा

पॉवर कंपनी ने 2024-25 के लिए जो याचिका लगाई है, उसमें पॉवर कंपनी ने जहां अपना खर्च 1799.46 करोड़ बताया है, वहीं कमाई 21616.77 करोड़ बताई है। ऐसे में 3626.31 करोड़ का फायदा हो रहा है। लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराना घाटा बहुत ज्यादा है। जहां पहले का घाटा करीब 4848.91 करोड़ का है वहीं पिछले सत्र में बताया गया 2924.53 करोड़ का भी घाटा है। कुल मिलाकर 8046.66 करोड़ का घाटा है। इसमें 3626.31 करोड़ की कमाई को कम करने के बाद भी 4420.35 करोड़ की कमी हो रही है।



### आयोग तय करेगा टैरिफ

आयोग के पास याचिका लगने के बाद अब आयोग पहले वितरण कंपनी के साथ ही उत्पादन और ट्रांसमिशन कंपनी का भी पूरा लेखा-जोखा देखने के बाद तय करेगा कि कंपनी को वास्तव में खर्च के लिए कितने राजस्व की जरूरत है और उसको वास्तव में बिजली बेचने के कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पुराना घाटा कम करने के बाद वास्तव में उसकी पूर्ति के लिए कितने अतिरिक्त राजस्व की जरूरत पड़ेगी। इसमें आयोग अंतर की राशि की पूर्ति के लिए तय करेगा किस वर्ग के टैरिफ में कितना इजाफा होगा। आयोग पुराने घाटे को एक के स्थान पर इससे ज्यादा बार में भी पूरा करने का फैसला कर सकता है। ऐसा होने से टैरिफ में कम इजाफा होगा।

## सरकार ने ईवी को प्रदेश में बढ़ावा देने की पहल, बजट कम पड़ने से ऐसा हाल

# 60 हजार इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों की अटकी सब्सिडी, 80 करोड़ से ज्यादा भुगतान भी फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ने के लिए सब्सिडी देने की योजना सरकार ने बनाई। साथ ही सब्सिडी देने का दावा भी किया। इससे लोगों ने ईवी वाहनों की खरीदी में रुचि ली। अब 60 हजार से ज्यादा गाड़ी मालिकों को सब्सिडी के लिए विभागों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। भुगतान फंसने की समस्या इन दिनों प्रदेशभर में है। 80 करोड़ से ज्यादा का भुगतान भी वाहन मालिकों का अटका है। इसके लिए लोगों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीदी- बिक्री इतनी बढ़ गई है कि अब परिवहन विभाग को प्रमोशन के लिए सब्सिडी देने के लिए शासन से मिलने वाला बजट भी कम पड़ने लगा है। मामले की विभागिय सूत्रों से जानकारी जुटाने पर पता चला है कि प्रदेश में 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों की सब्सिडी भी फंसी हुई है। पेट्रोल-डीजल के लगातार बढ़ते दाम और इन वाहनों से बढ़ने वाले प्रदूषण को कम करने और लोगों को महंगाई से राहत के लिए इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियां तो खरीदी, लेकिन सब्सिडी की उम्मीद कम भी टूटने लगी है। ऐसे हालात इसलिए बन रहे, क्योंकि सब्सिडी की आस लगाए लोगों ने पुरानी गाड़ियां तो बदली पर राहत देने के लिए तय राशि विगत 10 महीने से अटकी हुई है।




### पांच साल के लिए बनी पॉलिसी

*पूर्व सरकार ने ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की है। इसके तहत अधिकतम सब्सिडी वाहनों के मूल्य का 10 प्रतिशत या डेढ़ लाख रुपए की राशि शामिल हैं। इसे गाड़ी मालिकों के खाते में ट्रांसफर करने का प्रावधान हैं। यह नीति अप्रैल 2022 को पांच वर्ष के लिए लागू किया गया है। इसके साथ ही रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट देते हुए बैटरी के लिए रिसाइकिल इकोसिस्टम है। सार्वजनिक परिवहनों में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को बढ़ाने ईवी निर्माताओं को प्रोत्साहन देते हुए उद्योग को भी बढ़ावा देने का प्रावधान है।*

### बजट मांगने भेजा गया प्रस्ताव

इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बिक्री ज्यादा होने से परिवहन विभाग का बजट कम पड़ गया। सब्सिडी देने के लिए बैठक करके लिए गए निर्णय से शासन को अवगत कराया गया है। इसके साथ ही बजट-सत्र के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

*- आरपी पांडेय*
*उप सचिव*
*परिवहन विभाग*

### दबाव बढ़ने से की गई मीटिंग

मामले की पड़ताल में पता चला कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के बाद लोगों ने सब्सिडी के लिए दावेदारी शुरु की। इसे देखते हुए परिवहन विभाग के अफसरों ने समस्या का समाधान निकालने के लिए एक बार बैठक भी किया है। इसमें प्रदेश के 60 हजार से ज्यादा वाहन मालिकों को ई-व्हीकल व वाहनों की खरीदी पर 20 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक की सब्सिडी नहीं मिल पाई है। राज्य में ई-व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए ई-व्हीकल पॉलिसी लागू की गई। बजट कम पड़ने से समस्या की वजह बनने लगी है।

### 7656 को ही दे पाए सब्सिडी

सब्सिडी वाहन मालिकों के खाते में भेजी जाती है। प्रदेश में आखिरी बार विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने के पहले जुलाई महीने में राशि जारी की गई। विभाग ने भी प्रदेशभर में अब तक 7,656 वाहन मालिकों को 14 करोड़ 29 लाख रुपए का भुगतान किया है। इतना ही नहीं इलेक्ट्रिक व्हीकल की सब्सिडी देने वर्ष 2022-23 में 15 करोड़ का बजट मिला था। लेकिन एक वर्ष के भीतर प्रदेश में रिकार्ड गाड़ियों की बिक्री हुई। सब्सिडी का यह आंकड़ा बढ़कर 80 करोड़ रुपए से भी ज्यादा पहुंच गया है।

## हलाकान करेगी मई की गर्मी, रास्ता बदलकर आएगी निचले स्तर पर गर्म हवा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में आने वाली निचले स्तर की हवा की दिशा बदलने से मई के दूसरे दिन से ही गर्मी परेशान करेगी। अनुमान है कि दो मई के बाद रायपुर समेत प्रदेश का तापमान तेजी से बढ़ेगा। अभी दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद चक्रवाती घेरा के असर से हल्के बादल छाए हुए हैं, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अप्रैल में गर्मी का महीने उतार-चढ़ाव के साथ बीत गया। माना जा रहा है कि मई के शुरुआती दिनों में गर्मी अपना असर दिखाएगी। इस दौरान उत्तर-पश्चिम की हवा का प्रवेश होगा जो सामान्यतः गर्म होगी। इसके प्रभाव से 40 से 42 तापमान के बीच घूमने वाला पारा उछलकर 43-44 डिग्री तक पहुंचेगा। शनिवार को शहर में सुबह के वक्त बादल की वजह से गर्मी विलंब से महसूस हुई। इस दौरान तापमान भी तेजी से ऊपर की ओर नहीं चढ़ सका और 40.5 डिग्री पर जाकर अटक गया। अगले चौबीस घंटे में इसमें थोड़ी और गिरावट आने के आसार हैं। इसके बाद सिस्टम के कमजोर होने से तापमान पुनः बढ़ोतरी की ओर अग्रसर होगा।

■ **सुबह बादल से तापमान में थोड़ी गिरावट, आज भी असर**

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के मुताबिक अभी पश्चिमी विक्षोभ चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य अफगानिस्तान के ऊपर विस्तारित है। एक चक्रवाती घेरा दक्षिण छत्तीसगढ़ के ऊपर मौजूद है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन जारी है, जिससे एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

## रीचार्ज न कराने पर रायपुर से ही कट हो जाएगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर के किसी दूर के गांव का कोई उपभोक्ता हो या फिर सरगुजा के किसी भी शहर का उपभोक्ता अगर उसने बिजली लेने के लिए स्मार्ट मीटर लगने के बाद अपना रीचार्ज नहीं कराया तो रायपुर से ही उसकी बिजली कट हो जाएगी। रायपुर के गुढ़ियारी में स्मार्ट मीटर का कंट्रोलरूम रहेगा।

प्रदेश के उपभोक्ताओं को आने वाले समय में प्रीपैड स्मार्ट मीटर लगने पर बिजली मिलेगी। इसके लिए रीचार्ज कराना होगा। इसके लिए राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी में कंट्रोलरूम बनाया जाएगा। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम दो कंपनियों को मिला है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी कर रही है, बाकी का काम जीनस कंपनी को मिला है। इस साल से ही प्रदेश से सभी वर्गों के उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाकर सभी कनेक्शनों को पोस्टपैड से प्रीपैड किया जाएगा। अभी तो पहले चरण में सरकारी दफ्तरों के साथ फीडरों और ट्रांशफार्मरों मीटर लग रहे हैं। इसके बाद उपभोक्ताओं का नंबर आएगा। उपभोक्ताओं के कनेक्शन जब बदलेंगे और स्मार्ट मीटर लगेंगे, तो पहले रीचार्ज करने पर ही बिजली मिलेगी।

### रीचार्ज समाप्त होने से पहले आएगा मैसेज

कंट्रोलरूम में बैठकर ही पूरी जानकारी हो जाएगी कि किस उपभोक्ता ने रीचार्ज कराया है और किस ने नहीं कराया है। रीचार्ज न कराने वालों की बिजली यहां पर बैठकर कट कर दी जाएगी। रीचार्ज समाप्त होने से पहले उपभोक्ताओं को मोबाइल फोन की तर्ज पर ही लगातार मैसेज जाएगा कि उसका रीचार्ज समाप्त हो रहा है, रीचार्ज करा लें नहीं तो बिजली कट हो जाएगी।

## शिवप्रकाश ने पांच लोकसभा के लिए बनाई चुनावी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने दो दिनों तक कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में तीसरे चरण के चुनाव के लिए पांच लोकसभाओं की बैठक लेकर चुनावी रणनीति तैयार की है।

अब सभी को तीसरे चरण की सात सीटों पर पूरी ताकत झोंकने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ दो चरणों के चुनाव के बारे में भी पूरी जानकारी ली। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का संगठन हर स्तर पर काम कर रहा है। एक तरफ जहां लगातार सभाओं का दौर चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ बैठकों का दौर भी चल रहा है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह भी यहां पर रूककर बैठक लेकर चुनावी रणनीति बना चुके हैं। अब भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने भी दो दिनों तक पांच लोकसभाओं को लेकर रणनीति बनाने का काम किया है।

### इन लोकसभा की बैठकें

शनिवार को शिव प्रकाश ने दो चरणों में कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा की सीटों को लेकर कलस्टर प्रभारियों, लोकसभा के प्रभारियों, संयोजकों, सह संयोजकों के साथ बैठक करके उनके लोकसभाओं की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी ली और हर लोकसभा के लिए रणनीति भी बनाई कि क्या-क्या करना है। इसके पहले शुक्रवार को सरगुजा लोकसभा को लेकर रणनीति बनाई गई थी। बैठक में डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के अलावा धरमलाल कौशिक, अनुराग सिंहदेव सहित प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने की सरप्राइज जांच

## रात आठ बजे प्रमुख चौराहों पर पुलिस अफसरों ने की वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने शनिवार को रात आठ बजे सड़क पर निकलकर वाहनों की अचानक जांच की। पुलिस ने यह जांच एसएसपी के आदेश पर की। जांच में सभी डिविजन के सीएसपी के साथ ट्रैफिक सहित शहर के दो सिटी एएसपी जांच करने फील्ड पर उतरे।

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की धरपकड़ करने के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के अलावा आउटर के इलाकों में चेक पाइंट लगाकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान ध्यान रखा जा रहा है कि लोग किसी भी तरह के अपने साथ अवैध तथा प्रतिबंधित मादक पदार्थ तो नहीं ले जा रहे हैं। इसके साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के साथ ट्रिपल सवारी दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने मरीन ड्राइव, रेलवे स्टेशन, अग्रसेन चौक, महादेव घाट, पचपेड़ी नाका, पठारी डीह, चंदनीडीह में जांच की। पुलिस अफसर के अनुसार जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# दूसरे चरण में 76.24 प्रतिशत मतदान राजनांदगांव में सबसे अधिक वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्य की तुलना में अधिक मतदान दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी के बावजूद मैदानी क्षेत्रों में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का खुलकर प्रयोग किया चुनाव आयोग द्वारा अभी तक जारी आंकड़ों के अनुसार लोकसभा चुनाव में 76.24 प्रतिशत मतदान हुआ है, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में 74.95 प्रतिशत मतदान हुआ था। आंकड़ों की बात करें तो इस बार 1.3 प्रतिशत मतदान ज्यादा हुआ है। कांकेर लोकसभा में 76.46 प्रतिशत महासमुंद 75.03 प्रतिशत और राजनांदगांव में 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन आयोग ने सभी मतदान केंद्रों से ईवीएम के जमा होने के बाद अपडेट किए गए आंकड़े जारी किए हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में से भी लोकसभा में 1 से 1.5 प्रतिशत तक अधिक मतदान हुआ है। राजनांदगांव लोकसभा में पिछले साल 76.04 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहां इस बार के लोकसभा चुनाव में 77.42 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां के डोगरगांव विधानसभा में सबसे अधिक 82 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

**कांकेर में भी अधिक मतदान:** महासमुंद लोकसभा सीट में पिछले लोकसभा चुनाव में 74.51 प्रतिशत मतदान हुआ था, यह इस बार बढ़कर 75.03 प्रतिशत हो गया। यहां पर बिंद्रानवागढ़ में 81 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं कांकेर लोकसभा में भी इस बार अधिक मतदान देखने को मिला है।

## रायपुर लोकसभा के प्रचार की समीक्षा शहर के पार्षदों की पायलट ने ली क्लास

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने रायपुर लोकसभा में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर शहर के पार्षदों की बैठक लेकर उन्हें अब तक प्रचार के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा शहर में कांग्रेस प्रत्याशी को हर वार्ड से लीड दिलाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के माध्यम से हर बूथ तक पहुंचने के निर्देश दिए। रायपुर लोकसभा शहर से पार्टी को लीड दिलाने के लिए सभी लोगों को जुटने के निर्देश दिए। यहां पर पार्टी के प्रचार की अब तक स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, बूथ पर कांग्रेस नेताओं को तैयार कर अभी से कार्य में लगें। बताया गया है महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं के फार्म भराने और अन्य गतिविधियों के बारे में जानाकारी दी।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कोचिंग एक मई से

**गुण्डरदेही।** एक मई से तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था स्थानीय साहू सदन गुण्डरदेही में की गई है। तहसील अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा ने बताया कि समाज के पढ़े लिखे बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयुक्त साधन एवं कोचिंग की सुविधा दिलाने का निर्णय तहसील साहू संघ के कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ ने लिया है। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी समाज कराई जाएगी। तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा एक मई से लगातार हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण युवक युवतियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। कोचिंग में रुचि रखने वाले बच्चे सामाजिक पदाधिकारी से संपर्क करके निःशुल्क पंजीयन कराकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

### प्रेमी साथ मिलकर पत्नी ने पति की हत्या आजीवन कारावास

**भिलाई।** प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति की हत्या कर दी। इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी पत्नी व उसकी प्रेमी युवक को आजीवन कारावास की सजा दी है। घटना के मुताबिक शीतलापारा पुलगांव निवासी नवीत कुमार साहू पेशे से ड्राइवर था। 9 व 10 अक्टूबर 2020 की दरम्यानी रात नवीत कुमार की हत्या हो गई। नवीत को मृत हाल में उसके छोटे भाई दीपक साहू ने सुबह 4 बजे देखा। दीपक की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। कोर्ट में आरोपी बिंदु साहू के दो बच्चों व उसके देवर दीपक साहू की गवाही महत्वपूर्ण रही। मामले के मुताबिक आरोपी प्रेमी युवक मुढ़ीपार थाना सोमनी राजनांदगांव निवासी राजेश साहू पिता प्रीतम लाल साहू 30 साल था। उसका प्रेम संबंध शीतला पारा पुलगांव थाना निवासी बिंदु साहू के साथ था। बिंदु ने घटना की रात अपने प्रेमी राजेश को बुलाया। परछी में सो रहे नवीत कुमार को आरोपी ने जगाकर उठाया और दीवार पर दे मारा। फिर गमछे से उसका गला घोंट दिया। पुलिस ने आरोपी युवक राजेश और बिंदु के खिलाफ धारा 302,34 व 120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया था। इन दोनों की धाराओं में कोर्ट ने दोषी करार देते हुए आजीवन करावास व 1 -1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी है।

## अनदेखी : हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

# जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग, बस स्टैंड पर पलटी ई-रिक्शा, सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिस दुर्घटना के होने की आशंका हरिभूमि लगातार व्यक्त कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करा रहा था, वह दुर्घटना आखिर हो ही गई। घटना में 6 लागों को चोटें आई है। हरिभूमि बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर स्थित गड्ढे को लेकर लगातार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करा रहा था, लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और राहगीर दुर्घटना के शिकार हो गए। गनीमत रही कि किसी को ऊपरी गंभीर चोटें नहीं आई हैं।

शनिवार की शाम गंदा पानी में बच्चे व महिला सहित 6 से 7 लोग गिर गए और घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। दरअसल बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के बीचों-बीच एक बड़ा गड्ढा है, जो पानी भरे होने के कारण दिख नहीं रहा है। शनिवार को ई–रिक्शा में बैठकर कुछ यात्री, बस स्टैंड प्रवेश कर रहे थे, इस दौरान ई–रिक्शा का एक पहिया गड्ढे में चला गया। इससे ई–रिक्शा पलट गया और उसमें सवार 6–7 यात्री जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं, वे सभी गंदे पानी में गिर गए। उन्हें चोट भी आई, उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।

**बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर बीच में है एक गड्ढा, सुधारने नहीं की गई पहल**

**पानी भरा होने के कारण गड्ढे का पता नहीं चला और पलट गई रिक्शा**




**दुर्घटना के बाद भी लापरवाह नजर आए जिम्मेदार**

इस घटना के बाद भी जिम्मेदारों ने स्थिति को सुधारने कोई प्रयास नहीं किया। नेशनल हाईवे विभाग और नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते बस स्टैंड परिसर में स्थित दुकानदार और यहां रोजाना पहुंचने वाले सैंकड़ों यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आम जनता की परेशानियों को सुलझाने तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### नेशनल हाईवे निर्माण कछुआ चाल से

बस स्टैंड की यह स्थिति नेशनल हाईवे 930 निर्माण कार्य कछुआ गति से चलने के कारण निर्मित हुई है। सड़क किनारे नाली निर्माण का कार्य जारी है, लेकिन सबसे बड़ी लापरवाही नाली निर्माण कार्य के पहले शहर से निकलने वाली गंदगी व गंदा पानी को बाहर निकालने कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई, जिसके कारण बस स्टैंड परिसर में और खास तौर पर प्रवेश द्वार में नाली का गंदा पानी बह रहा है, जिसे पार करके यात्री बस स्टैंड में प्रवेश कर रहे हैं।

## विधायक ललित ने भाजपा प्रत्याशी विजय को वोट देने की अपील की



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर इन दिनों भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को जीत दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

इसके तहत उन्होंने उतई मंडल के ग्राम, भानपुरी, कोडिया व कोकड़ी में जनसंपर्क कर श्री बघेल को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया। इस दौरान श्री चंद्राकर के साथ मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंदू देवांगन, अजीत चंद्राकर, सरपंच राजू देशमुख, संतोष साहू, सतीश चंद्राकर, फुकेश चंद्राकर, दिनेश देशलाहरे, हुबलाल चंद्राकर, मनोज गोलू चंद्रकार, पुकेश चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, देवेन्द्र भारती, खेमू देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### सुबह 7 बजे बूथ पहुंचकर डाला पहला वोट

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम तिलखैरी निवासी धनराज गंजीर लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के कांकेर लोकसभा चुनाव में अपने मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने सुबह 7 बजे बूथ पहुंचकर पहला वोट डाला।

## रजनी ने अपने पति भाजपा प्रत्याशी विजय की जीत के लिए मांगा समर्थन

**दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के अनेक ग्रामों में किया जनसंपर्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सांसद एवं भाजपा के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल को विजय दिलाने के लिए उनकी धर्मपत्नी रजनी बघेल ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुथरेल, चंदखुरी, पाउवारा, बोरीगारका, करगाडीह सहित अनेक गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के साथ ही केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 साल की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। इसके साथ ही



उन्होंने दुर्ग सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जिताकर लोकसभा में भेजने की अपील की। कांग्रेस द्वारा 1 लाख रूपए प्रतिवर्ष दिए जाने के लिए महिलाओं से फार्म भरवाए जाने को लेकर कहा कि वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं को 500 रूपए प्रतिमाह देने का वादा किया था, लेकिन नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस 500 रूपए महीने नहीं दे सकी, तो एक लाख रूपए कैसे देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के समय महिलाओं को 1000 रूपए देने का वादा किया और छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद 1000 रूपए खाते में आने भी लगे हैं। इस दौरान महिलाओं ने श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

जनसंपर्क के दौरान भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, टीकाराम साहू, ब्रह्मानंद चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, चुम्मन चंद्राकर, अगराहिज निर्मलकर, सरपंच चंदखुरी हेमलता देशमुख, पोषण देवांगन अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। बोरीगारका में महिलाओं एवं पहली बार वोट डालने वाले युवाओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्य साहू एवं किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर ने भी संबोधित किया।

## लेन-देन को लेकर युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

युवक की हत्या कर शव को सुलभ शौचालय में फेंक कर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 302, 201, 120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है।

घटना का खुलासा करते हुए सीएसपी चिराग जैन, मोहन नगर प्रभारी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि तितुरडीह नाया पारा दुर्ग निवासी शेखर उर्फ बंटी यादव की लाश सुलभ शौचालय में पड़ी मिली। लाश को देख सभी हार्ट अटैक से मौत होना संदेह जता रहे थे। लाश का पीएम होने के बाद पुलिस घटना को गंभीरता से लिया। जांच शुरु कर दी कई अह्म जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तीन युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी प्रकाश उर्फ पप्पू, राधेश्याम उर्फ बुद्धू , महावीर उर्फ बाठू यादव को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने पुलिस को हत्या करना स्वीकार किया। मृतक स्टेशन के पास स्थित सेव भंडार में हलवाई का काम करता था। साथ में केटरिंग का भी काम करता था। मृतक तीन लड़कों को अपने साथ रख काम करवाया था। जिसका पेमेंट करीब 5400 रुपए युवकों को देना था। लेकिन उसने युवकों को नहीं दिया था। आरोपियों को जानकारी लगने पर मृतक बंटी के काम के जगह पर तीनों युवक पहुच गए। रुपए मांगने पर युवकों को बंटी रुपए नहीं दे रहा था। युवकों के बंटी ने 1 हजार रुपए देकर वहां से भगा दिया। रुपए लेने के बाद आरोपी युवक रात में चारो गैंदी डबरी सुलभ के पास मैदान में जमकर शराब पीए। पीने के बाद तीनो ने रुपए की बात कहीं तो बंटी ने उनसे गाली गलौज कर दिया। आक्रोश में आकर युवको ने बंटी पर हमला कर दिया।

### कैमरे में हुए तीनों युवक कैद

पुलिस जांच में पता चला कि सुलभ के समीप एक मकान में सीसी कैमरा लगा हुआ है। जिसका फुटेज निकाला गया तो तीनों युवक कैमरे में दिखाई दे रहे थे। बंटी को उठाकर सुलभ के भीतर जाते दिखे। उसके बाद पुलिस ने प्रकाश उर्फ पप्पू, राधेश्याम उर्फ बुद्धू, महावीर को हिरासत में लेकर पूछताछ करना शुरु किया। घटना के बाद से तीनों युवक फरार थे। मोहन नगर प्रभारी आकांक्षा पाण्डेय की टीम ने आरोपियों को खोज निकाला।

## मरीज को डिस्चार्ज नहीं करने पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में संचालित आरोग्यम हॉस्पिटल में एक मरीज के परिजन ने शनिवार दोपहर जमकर तोड़फोड़ व स्टॉफ के साथ मारपीट की। परिजन का आरोप है उसके पिता को नागपुर

- आरोग्यम हॉस्पिटल अस्पताल के स्टॉफ को मारा, जमकर की तोड़फोड़

ले जाना है। आरोग्यम के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया है। इसके बाद भी वो उन्हें समय पर डिस्चार्ज नहीं कर रहे हैं। इससे आक्रोशित होकर उसने ऐसा किया है। हंगामा करने वाले युवक राकेश यादव राजनांदगांव का निवासी है। उसने अपने पिता को किडनी की समस्या के चलते भर्ती कराया था। यहां पिछले 10 दिनों से इलाज चल रहा था। डॉक्टरों ने कहा कि उनका प्लेटलेट्स कम है। इलाज के दौरान वो समस्या खत्म हो गई। इसके बाद डॉक्टर ने उनका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद डॉक्टर आरके साहू ने उन्हें बुलाया और कहा कि आपके पिता की बचने की उम्मीद काफी कम है। आप उन्हें यहां से डिस्चार्ज करवाकर कहीं दूसरी जगह ले जाओ। हमने नागपुर में डॉक्टर से बात की। उसने उनका इलाज करने की बात कही। डॉक्टर ने कहा कि आप शनिवार दोपहर तीन बजे तक मरीज को नागपुर लेकर आ जाओ। डॉ. आरके साहू से कल रात में बात हुई कि आरोग्यम से सुबह मरीज को डिस्चार्ज कर देंगे उसे नागपुर ले जाना है। इसके बाद भी हॉस्पिटल प्रबंधन यह सुबह 11 बजे तक यह कहता रहा कि डॉ. आरके साहू अभी आए नहीं हैं।

### गलत इलाज करने के मामले में मिला है नोटिस

आरोग्यम हॉस्पिटल हमेशा गलत इलाज को लेकर विवादों में रहा है। यहां संचालक डॉ. नवीन राम दारुका और यूरोलॉजिस्ट डॉ. आरके साहू पर एक 13 साल की किशोरी का गलत इलाज करने का आरोप है। किशोर जहर सेवन करके अस्पताल में एडमिट हुई थी, लेकिन 16 दिन इलाज के बाद भी उन्हें ये पता नहीं चला कि किशोरी ने जहर सेवन किया है। इसकी वजह से वो उसका सही इलाज नहीं किए और वो मर गई। बाद में पुलिस में जहर सेवन के मरीज की सूचना ना देने और आयुष्मान से इलाज के बाद भी परिजन से रुपए लेने के आरोप में परिजनों ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग में शिकायत की। नर्सिंग होम एक्ट दुर्ग के अधिकारी डॉक्टर अनिल शुक्ला ने मामला संज्ञान में आने के बाद अस्पताल को नोटिस भेजा है।

### पुलिस में शिकायत

तोड़फोड़ के मामले में उन्होंने पुलिस में शिकायत की है। मरीज के परिजन ने शराब के नशे में हंगामा व तोड़फोड़ किया है।

जसविंदर सिंह
आरोग्य अस्पताल के पीआरओ

## ईश्वर भक्ति के लिए उम्र का बंधन नहीं : स्वामी निरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जब हम संसार की उपलब्धि को ही जीवन का सुख मानना शुरू कर देते हैं, हमारे जीवन में भटकाव का मार्ग खुल जाता है। हम सबके अंदर भी

- भारत की पवित्र भूमि पर वृद्धाश्रम दुर्भाग्य की बात
- ग्राम बोरई में चल रहा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह







दो रानी है, सुरुचि और सुनिति। संसार के तरफ मन को ले जाने वाली सुरुचि और ईश्वरीय सत्ता के तरफ ले जाने वाली सुनिति। संतों ने मन की तुलना मक्खी से की है। भगवत भक्ति के लिए अवस्था की कहीं कोई बंधन नही है। भगवान सरल हैं, हम अपनी बुद्धि लगाकर कठिन बना लेते हैं। ईश्वर व्यापक है, सबसे परे भी हैं और सबके अंदर भी है। जरूरत है उसे अनुभूति करने का। जितने भी पूजा के प्रकार है, साधना, जप, तप, ध्यान, योग, यज्ञ सबका लक्ष्य एक है और वह है मनोविग्रह।

उक्त बातें ग्राम बोरई में दीपक यादव परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से जारी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में भगवताचार्य स्वामी निरंजन महराज ने कही। प्रारब्ध, पुरषार्थ, माता पिता का आशीर्वाद, सदगुरु की कृपा के बिना भगवान की कृपा प्राप्त होने वाला नही है। दृढ़ संकल्प, अखंड विश्वास, कठिन पराक्रम से बालक ध्रुव ने अटल पद को पा लिया। शुभ संकल्प, मनोबल और पुरषार्थ से भरे मनुष्य के जीवन में निराशा की परछाई भी नही आ सकती। चरैवेति, चरैवेति विधि का सूत्र है। सुख-दुःख, जय-पराजय, लाभ-हानि, जीवन-मरण का नाम संसार है। सरल बनकर ईश्वर भक्ति के साथ चलते रहो तो जीव का कल्याण होगा।

जो सब में भगवा- का दर्शन करता है, वह प्रहलाद के चरित्र को धारण करता है। जिसका मन भगवा- के चरणों में रत है वो जगत को राममयी देखते हैं। अतः वो कहीं पर भी किसी का विरोध नही करते, जैसे प्रहलाद ने किसी को बैर भाव नही ईश्वर भाव से देखा। उस पिता के लिए भी भगवा- का आश्रय मांग लिया जो उनके प्राण पिपासु था। लज्जा तो हमें तब होती है जब इसी प्रहलाद की धरती में आज वृद्धाश्रम की जरूरत पड़ने लग गयी है।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
• सिर दर्द (माईग्रेन)
• मिर्गी • लकवा
• ब्रेन ट्यूमर
• ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

Rahul Travels
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411